NBT
नवभारत टाइम्स

6000 kg नकली नमक जब्त, आंतें सड़ा देगा ऐसा नमक, FSSAI टेस्ट से 5 सेकंड में करें चेक, सबसे अच्छा नमक कौन सा?

आगरा में एसटीएफ की टीम ने एक मकान में छापा मारकर नकली टाटा नमक बनाने वाले को पकड़ा है और उसके पास से 6000 से ज्यादा किलो नकली नमक जब्त किया है। वो नकली नमक को असली जैसी पैकिंग में तैयार कर 'टाटा नमक' के नाम से आसपास के जिलों और राजस्थान में बेचा जा रहा था। आरोपी ने बताया कि वह पिछले तीन साल से नकली सामान बेच रहा था। इससे वह 10 गुना अधिक मुनाफा कमा रहा था। उसके पास से करीब 6175 किलोग्राम नकली टाटा नमक जब्त हुआ है।

भारत में खाने-पीने की लगभग चीजों मिलावट आम बात है। नमक खाने का सबसे जरूरी हिस्सा है। सीमित मात्रा में नमक का सेवन शरीर में पानी का संतुलन बनाए रखता है, नसों को ठीक से काम करने में मदद करता है और मांसपेशियों को मजबूत करता है। लेकिन ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए कई बार इसमें मिलावट कर दी जाती है, जिससे यह सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/lifestyle/health/6000-kg-fake-salt-seized-in-agra-known-side-effects-of-eating-adulterated-salt-fssai-told-easy-test-to-identify-fake-or-real-salt/articleshow/117825844.cms?story=1